Report on Induction Programme for the newly admitted students of B.Com. Semester 1 (2024-28)

Date- 11.07.2024

गुरु नानक कॉलेज में नव-नामांकित कॉमर्स विभाग के छात्रों के लिए इंडक्शन (दिक्षारम्भ) कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 11 जुलाई 2024 बृहस्पतिवार को गुरु नानक कॉलेज के भूदा कैंपस में राष्ट्रीय शिक्षा निति के तहत चार वर्षीय स्नातक कोर्स के सत्र 2024 - 28 के वाणिज्य विभाग के नव नामांकित छात्र छात्राओं के लिए इंडक्शन (दिक्षारम्भ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को पाठ्यक्रम सम्बंधित विषयो, कॉलेज कैंपस, उपलब्ध आधारभूत अवसंरचना, विभिन्न सुविधाएं एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में दो सौ से अधिक छात्र -छात्राओं के साथ अभिभावकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव वंदना से की गई जिसमें वाणिज्य विभाग की छात्रा श्रेया ने नृत्य प्रस्तुत किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने नव नामांकित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें कॉलेज के निर्माण से लेकर अभी तक कॉलेज द्वारा अकादमिक एवं सह अकादमिक क्षेत्रों में प्राप्त की गई उपलब्धियों एवं तदर्थ विकास यात्रा के बारे में अवगत कराया। भूदा कैंपस के इंचार्ज - प्रो अमरजीत सिंह एवं बैंक मोड़ कैंपस के इंचार्ज - डॉ रंजना दास ने छात्रों का स्वागत करते हुए कैंपस में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। कॉमर्स के विभागध्यक्ष प्रो संतोष कुमार ने नए सत्र के छात्रों को विभाग के शिक्षक गण, पाठ्यक्रम एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां, परीक्षा से जुड़े विभिन्न बिन्दु, लाइब्रेरी से जुड़ी जानकारी, एन सी सी, एन एस एस के बारे में जानकारी दी। मंच का सञ्चालन पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा प्रो स्नेहल गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में कॉमर्स विभाग के प्रो संजय सिन्हा, प्रो पियूष अग्रवाल एवं दलजीत सिंह, अन्य विभागों से डॉ मीना मालखंडी, प्रो साधना सिंह, प्रो अर्नव, प्रो एकता श्रीवास्तव, प्रो सिमरन श्रीवास्तव, लाइब्रेरियन नुसरत परवीन, संजय सिंह उपस्थित थे। तकनिकी सहयोग नरेंदर सिंह एवं पंकज कुमार द्वारा दिया गया। राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रेस विज्ञप्ति:

Hindustan 12.07.2024

कैंपस 30s

गुरुनानक कॉलेज में गुरुवार को आयोजित परिचय सत्र में मौजूद शिक्षक व छात्र।

नए छात्रों को मिली कोर्स व परीक्षा की जानकारी

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज धनबाद में गुरुवार को स्नातक कॉमर्स में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने कॉलेज के निर्माण से लेकर वर्तमान तक की जानकारी दी। एकेडमिक समेत अन्य क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी भी दी। भूदा कैंपस इंचार्ज प्रो. अमरजीत सिंह एवं बैंक मोड़ कैंपस इंचार्ज डॉ. रंजना दास ने छात्रों का स्वागत करते हुए कैंपस में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। कॉमर्स के विभागध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार ने नए सत्र के छात्रों को विभाग के शिक्षक, पाठ्यक्रम एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां, परीक्षा, लाइब्रेरी से जुड़ी जानकारी, एनसीसी, एनएसएस के बारे में जानकारी दी।

Photo Gallary